# जनपद – मथुरा एवं आगरा पर्यवेक्षण की रिपोर्ट
## दिनांक 14–16 जुलाई 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 से द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 14–16 जुलाई 2024 को जनपद मथुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौमुहा एवं एन0आर0सी0 तथा आगरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली अहीर एवं एस0एन0सी0यू0 का पर्यवेक्षण किया गया।

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष निम्न कार्यक्रमों/गतिविधियों में विशेष प्रयास कर सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। भ्रमण रिपोर्ट निम्नवत है –

| अवलोकन के बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–चौमुहा:–**<br>दस्त रोको अभियान (Stop Diarrhea) कार्यक्रम की कोई भी प्रचार–प्रसार सामग्री प्रदर्शित नहीं है और आशा को रिपोर्टिंग प्रपत्र उपलब्ध नही थे।<br>**दस्त रोको अभियान (Stop Diarrhea):–**<br>• ब्लाक स्तर पर सभी सी0एच0ओ0 और आशाओं एवं ए0एन0एम0 एल0एच0वी0 के साथ प्लानिगं मीटिंग आयोजित की गयी थी।<br>• जनपद स्तर से अभियान के दौरान उपयोग में लायी जाने वाली आई0ई0सी0 एवं अन्य प्रपत्र इकाई को उपलब्ध नही कराये गये थे।<br>• 0–5 वर्ष तक के कुल 200094 बच्चे है, जिनको अभियान के दौरान ओ0आर0एस0 के पैकेट का वितरण किया जायेगा।<br>• कार्यक्रम हेतु ओ0आर0एस0 के 27875 पैकेट एवं जिंक की 22600 टेबलेट की मात्रा उपलब्ध थी।<br>• आशाओं हेतु ए0एन0एम0 को 10000 ओ0आर0एस0 पैकेट एवं जिंक की 15000 टेबलेट का वितरण किया गया है।<br>• आशाओं द्वारा ई–कवच पोर्टल पर अभियान की रिपोर्टिग नही की जा रही थी।<br>• होर्डिग एवं पोस्टर उपलब्ध नही था।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सी0डी0आर0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ए0एन0एम0 आशाओं का एक दिवसीय अभिमुखीकरण नही किया गया था।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर वर्ष 2024–25 हेतु कमिटेड धनराशि रू0 5.97 लाख के सापेक्ष रू0 4.54 लाख की धनराशि का व्यय किया गया है। | • जनपद स्तर से दस्त रोको अभियान (Stop Diarrhea) कार्यक्रम के दौरान उपयोग में लायी जाने वाली आई0ई0सी0 एवं अन्य प्रपत्र के मुद्रण कराकर शीघ्र इकाईयों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।<br>• प्रचार–प्रसार सामग्री का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाये।<br>• आशाओं द्वारा ई–कवच पोर्टल पर अभियान की रिपोर्टिंग भ्रमण के दौरान प्रतिदिन कराना सुनिश्चित करें।<br>• कमिटेड धनराशि से शत प्रतिशत व्यय कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में होर्डिग लगवाने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक /मुख्य चिकित्सा अधिकारी /डी0सी0पी0 एम0 |
| **एन0आर0सी0 :–**<br>• एन0आर0सी0 वृन्दावन 15 बेडेड क्रियाशील है।<br>• मेडिकल अफिसर का पद रिक्त है।<br>• केयरटेकर और सफाई कर्मी का पद रिक्त है। | • एन0आर0सी0 के रिक्त पद अतिशीघ्र भरने हेतु सुझाव दिया गया।<br>• तीमारदार की शीघ्र भुगतान | चिकित्सा अधीक्षक / मुख्य चिकित्सा अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| • अप्रैल 2024 से अभी तक तीमारदार का भुगतान लम्बित है।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरह पर मिनी एन0आर0सी0 की स्थापना का कार्य लम्बित है। | करने हेतु सुझाव दिया गया।<br>• मिनी एन0आर0सी0 की स्थापना का कार्य पूर्ण करने हेतु सुझाव दिया गया। | |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली अहिर जनपद आगरा :–**<br>• ओ0आर0एस0 के 11000 पैकेट एवं जिंक 58000 टैबलेट सभी ए0एन0एम0 को अभियान हेतु वितरित किया गया है।<br>• जनपद स्तर से आशाओं एवं ए0एन0एम0 को भ्रमण के दौरान प्रपत्र भरने हेतु उपलब्ध कराये गये थ।<br>• ब्लाक पर अभियान के अन्तर्गत कोई भी होर्डिंग नही लगी हुई थी।<br>• इकाई पर ओ0आर0एस0 बनाने हेतु प्रर्दशन किया जा रहा था।<br>• माह फरवरी 2022 के बाद आशाओं का कोई भी भुगतान नही हुआ था।<br>• आशा एव ए0एन0एम0 द्वारा डायरिया से ग्रसित बच्चों की फीडिगं ई कवच पोर्टल पर नही की जा रही थी।<br>• बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम हेतु आशाओं को जनपद स्तर से फार्मेट मुद्रण कराकर ब्लाक को उपलब्ध नही कराये गये थे।<br>• बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम की आनलाइन रिपोर्टिग नही की जा रही थी।<br>**जिला महिला चिकित्सालय जनपद आगरा :–**<br>• 12 बेडेड एस0एन0सी0यू0 इकाई क्रियाशील है।<br>• इकाई में 04 फोटो थैरपी के सापेक्ष मात्र 01 फोटो थैरपी क्रियाशील है।<br>• 02 सी0–पैप क्रियाशील है।<br>• 01 स्टाफ नर्स का पद रिक्त है। | • सभी आशाओं को ई कवच पोर्टल पर वितरित किये गये ओ0आर0एस0 पैकेट की फीडिगं कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• सभी आशाओं का तत्काल लम्बित भुगतान कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• अभियान के अन्तर्गत होर्डिग लगाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम हेतु फार्मेट का मुद्रण कराकर सभी ब्लाक को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• 03 फोटो थैरपी हेतु डिमांड प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• अप्रशिक्षित स्टाफ बाल रोग विशेषज्ञ एवं स्टाफ नर्स को आगामी प्रशिक्षण में प्रशिक्षित कराने हेतु सुझाव दिया गया। | एम0ओ0आई0सी0 / मुख्य चिकित्सा अधिकारी /बी0सी0पी0एम0 |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उपरोक्त बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सुझाव दिये गये।

**राजीव कुमार दूबे,**
कार्यक्रम समन्वयक, बाल स्वास्थ्य

**डॉ0 मुनीष सिंह पौरूष**
उपमहाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य